मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-134
27/03/2020

मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण के कारण उत्पन्न परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- **लोगों को घबराने की जरूरत नहीं, हम सब मिलकर इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम :– मुख्यमंत्री**

पटना, 27 मार्च 2020 :– 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण उत्पन्न परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ संवाद किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण उत्पन्न परिस्थिति में चिकित्सकों, नर्सेज एवं चिकित्सा सेवा से जुड़े स्टाफ की पहल एवं उनके प्रयास का अभिनंदन करता हूॅ। आप सब वरिष्ठ चिकित्सकों से भी कोरोना संक्रमण के संबंध में विचार–विमर्श महत्वपूर्ण रहा है। मैं आप सबका भी अभिनंदन करता हूॅ। आपलोग स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं और आप सबका अपना अनुभव है। कोरोना संक्रमण के संबंध में आपके दिये गये सुझाव काफी महत्वपूर्ण हैं। इस पर हमलोग गौर करेंगे। सरकार की तरफ से भी कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिये जरूरी कदमों को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना से पूरी मानव जाति प्रभावित हुयी है। हम सब इस महामारी का डट कर मुकाबला कर रहे हैं। सरकार आवश्यक कदम उठा रही है किंतु इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितांत आवश्यक है। इसका सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। पूरे देश में लॉकडाउन किया गया है। लोग इसे गंभीरता से लें और इसका पालन करें। बिहार के तमाम लोगों से अपील है कि कोरोना संक्रमण के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही मुहिम में अपना पूरा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जब भी संकट का समय आया है तो हम सब मिलकर उससे बाहर निकले हैं। संकट की इस घड़ी में सरकार सभी लोगों के साथ है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब मिलकर इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम होंगे। आप सब लोग अपने घर के अंदर रहें, अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, इसे सख्ती से पालन करें। लोगों को सभी आवश्यक सामान उपलब्ध होते रहेंगे, पैनिक होने की जरूरत नहीं है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पद्मश्री डॉ0 एस0एन0 आर्या, डब्लू0एच0ओ0 के डॉ0 बी0पी0 सुब्रहमण्यम, डॉ0 ए0 हई, डॉ0 सत्येन्द्र नारायण सिंह, डॉ0 हेमंत साह, आई0जी0आई0एम0एस0 के निदेशक डॉ0 एन0आर0 विश्वास, एम्स पटना के निदेशक डॉ0 पी0के0 सिंह, आर0एम0आर0आई0 के निदेशक डॉ0 प्रदीप कुमार दास, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार ने भी अपने–अपने विचार/सुझाव रखे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******